卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः। आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम्। वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 33 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बृहस्पतिवार ♦9 नवम्बर 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## उत्तराखण्ड ने कम समय में बनाई नई पहचान: राष्ट्रपति

### प्रदेश भर में धूमधाम से मनाया गया राज्य स्थापना दिवस

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड राज्य का 24वें स्थापना दिवस प्रदेश भर में धूमधाम से मनाया गया। इस राजधानी में इस मौके पर पुलिस लाइन में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने परेड की सलामी ली। अपने संबोधन में उन्होंने राज्य आंदोलन में बलिदान देने वाले आंदोलनकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। राष्ट्रपति मुर्मू ने उत्तराखंड वासियों को राज्य स्थापना दिवस की बधाई दी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि आज ही के दिन साल 2000 में उत्तराखंड के लोगों का सपना पूरा किया। राष्ट्रपति ने कहा कि ये सराहनीय है कि उत्तराखंड के लोगों ने इस प्रदेश को विकसित किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि अपनी अलग पहचान स्थापित करने और अपने विकास का रास्ता तय करने का उत्तराखंड के निवासियों का सपना आज ही के दिन पूरा हुआ था। कहा कि यह प्रसन्नता की बात है कि नई पहचान के साथ उत्तराखंड के परिश्रमी लोगों ने राज्य के लिए विकास और प्रगति के नित-नूतन शिखरों पर अपने कदम जमाए हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि भगवान शिव और भगवान विष्णु के आशीर्वाद-स्वरूप देवालयों से पवित्र उत्तराखंड को 'देव-भूमि' कहने की परंपरा वंदनीय है। साथ ही, पर्वतराज हिमालय की पुत्री देवी पार्वती एवं शक्ति के अन्य पूजनीय स्वरूपों से ऊर्जा प्राप्त करने वाली व गंगा-यमुना जैसी नदी- माताओं के स्नेह से सिंचित यह पावन धरती 'देवी-भूमि' भी है। यह क्षेत्र 'जय महा-काली' और 'जय बदरी-विशाल' के पवित्र (शेष पृष्ठ सात पर)





## रिलायंस के ज्वैलरी शोरूम में दिनदहाड़े करोड़ों की डकैती

देहरादून (उद संवाददाता)। राजपुर रोड स्थित रिलायंस के ज्वैलरी शोरूम में बदमाशों ने दिनदहाड़े डकैती को अंजाम देकर पुलिस को खुली चुनौती दे डाली। बदमाश सुबह शोरूम खुलते ही पूरा शोरूम लूट ले गए। राष्ट्रपति के दौरे के चलते सुरक्षा कड़ी होने के के बावजूद डकैती की घटना से पुलिस महकमे में हड़कम्प मचा है। जानकारी के अनुसार गुरुवार को रिलायंस के ज्वैलरी शोरूम में 10 मिनट में लूट की घटना को अंजाम देकर बदमाश फरार हो गए। बदमाश कार में सवार होकर आए थे । सुबह करीब साढ़े दस बजे शोरूम खुला था। पांच लोग ग्राहक बनकर अंदर घुसे और गन प्वाइंट पर कर्मचारियों को बंधक बना लिया। कर्मचारियों को पेंट्री में (शेष पृष्ठ सात पर)








## नानक सागर में हथियारबंद बदमाशों का तांडव

### वॉटर स्पोर्ट्स कर्मचारियों को बंधक बनाकर पीटा, तीन मोटर वोट भी जलाई



नानकमत्ता(उद संवाददाता)। बुधवार रात्रि हथियारबंद लोगों ने नानकसागर जलाशय में तैनात मोटर वोट के कर्मचारियों पर हमला कर घायल कर दिया और तीन मोटर वोट को आग के हवाले कर दिया। कर्मचारियों ने नानक सागर में कूद कर अपनी जान बचाई। सूचना पर थाना अध्यक्ष ने घटनास्थल में पहुंचकर घटना की जानकारी और कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार ग्राम गढ़ी पट्टी निवासी गगनदीप सिंह पुत्र तारा सिंह, गौरव वर्मा पुत्र राजेन्द्र वर्मा ने पुलिस को तहरीर सौंपकर बताया कि नानक सागर जलाशय में नानक सागर वाटर स्पोर्ट के नाम पर सैलानियों के मनोरंजन के लिए मोटर वोट का संचालन करते आ रहे हैं। नानक सागर जलाशय में 12 सीटर, 6 सीटर, 4 सीटर मोटर वोट उतार रखी है। देखरेख के लिए तीन कर्मचारी सितारगंज के ग्राम लोका निवासी विनीत सिंह राणा पुत्र मनोज सिंह राणा, ग्राम कानपुर मटिया निवासी आदित्य राणा पुत्र जितेंद्र सिंह राणा, (शेष पृष्ठ सात पर)

## भाजपाईयों ने फूंका नीतीश कुमार का पुतला



काशीपुर(उद संवाददाता)। बिहार के मुख्यमंत्री नितीश कुमार द्वारा प्रजनन दर को लेकर महिलाओं पर की गई अभद्र टिप्पणी से समूचे देश के साथ-साथ यहां काशीपुर में भी भाजपा कार्यकर्ताओं में खासा आक्रोश देखा गया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री नितीश कुमार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए मुख्य चौराहे पर उनका पुतला दहन किया। वक्ताओं ने कहा कि सीएम जैसे राजनेता के लिए इस तरह का छिछोरा बयान देना बेहद शर्मनाक है। कहां कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गली मोहल्ले के लफंगों जैसी भाषा का प्रयोग कर राजनीति को कलंकित करने का काम किया। ऐसे व्यक्तित्व को प्रदेश के नेतृत्व की कमान कतई नहीं देना चाहिए जो मातृशक्ति का सम्मान करने की बजाय उसका अपमान कर रहा है। हालांकि मामला सुर्खियों में आने के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने बयान वापस लेते हुए माफी मांग ली लेकिन सीएम के द्वारा दिए गए इस बयान से समूचे देश की महिलाओं में गुस्सा है। वक्ताओं ने कहा कि नीतीश कुमार ने लोकतंत्र की गरिमा व उसकी मर्यादा पर प्रहार किया। पुतला दहन करने वालों (शेष पृष्ठ सात पर)

## उत्तराखंड की हवा में भी घुलने लगा प्रदूषण का जहर

### आरटीआई से खुलासा,उत्तराखंड के बड़े नगरों में पी.एम 10 लेविल सामान्य से चौगुना तक

काशीपुर (उद संवाददाता)। स्वच्छ व स्वस्थ्य हवा वाले माने जाने वाले उत्तराखंड के बड़े नगरों की हवा में प्रदूषण का जहर घुलने लगा है तथा वहां का पी.एम.10 लेविल सामान्य से बहुत अधिक रहने लगा है। यह खुलासा उत्तराखंड पर्यावरण सरंक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा सूचना अधिकार के अन्तर्गत नदीम उद्दीन को उपलब्ध करायी गयी सूचना से हुआ। काशीपुर निवासी सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन एडवोकेट ने उत्तराखंड पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से प्रदूषण मानीटरिंग के विवरणों की सूचना मांगी थी। इसके उत्तर में लोक सूचना अधिकारी/पर्यावरण अभियंता अनुराग नेगी ने अपने पत्रांक 764 से वर्ष 2022 तथा 2023 के जनवरी से जून तक के विवरणों की सूचना उपलब्ध करायी है। श्री नदीम को उपलब्ध विवरणों के अनुसार जनवरी 2023 में देहरादून में रायपुर पर मापा गया पी.एम 10 लेविल सामान्य 50 से लगभग चौगुना 193 रहा, क्लॉक टावर पर 166, आई.एस.बी.टी. पर 177 तथा दून यूनिवर्सिटी पर 69, ऋषिकेश में नटराज होटल पर मापा गया 147, नगर निगम पर 137, एस.पी.एस. हास्पिटल पर 139, काशीपुर में राजकीय अस्पताल पर मापा गया 117, हरिद्वार में ऋषिकुल पर मापा गया 133, रूड़की में नगर निगम पर 109, रूद्रपुर में राजकीय अस्पताल पर मापा गया 119, हल्द्वानी में जल संस्थान पर मापा गया 114 रहा जो कि सामान्य से बहुत अधिक है तथा नैनीताल का नगर पालिका पर मापा गया सामान्य से कुछ अधिक 51 रहा। जबकि जनवरी में उत्तरकाशी का 23, टिहरी का 38, पौड़ी का 44, गोपेश्वर का 36, अल्मोड़ा का 35, बागेश्वर का 32 सामान्य रहा। इनका पहाड़ी शहरों का पी.एम. 10 लेविल फरवरी से जून 23 तक सभी माहो में बहुत अच्छा 50 से कम ही रहा है। फरवरी में देहरादून के क्लॉक टावर पर 203, आई.एस.बी.टी 183, दून यूनिवर्सिटी 93 तथा रायपुर का पी.एम 10 लेविल 212, ऋषिकेश में नटराज होटल पर मापा गया 148, नगर निगम पर 146, एस.पी.एस. हास्पिटल पर (शेष पृष्ठ सात पर)

## सरेआम दो युवकों को बेरहमी से पीटने के मामले में चार गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भदईपुरा में दिन दहाड़े दो युवकों को घेरकर बेरहमी से पीटने और फायरिंग करने के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। चारों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है। जबकि अन्य हमलावरों की तलाश जारी है। बता दें बीते दिनों भदईपुरा में करीब एक दर्जन लोगों ने रंजिशन दो युवकों को सरेआम लाठी डंडो, इंटों से हमला करके घायल कर दिया था। हमलावरों ने मौके पर फायरिंग भी की थी। हमले में गंभीर रूप से घायल दोनों युवकों का हल्द्वानी में उपचार चल रहा है। दिनदहाड़े गुण्डागर्दी का वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हुआ था। मामले में एसएसपी मंजूनाथ टिसी ने टीम गठित कर हमलावरों की गिरफ्तारी के निनर्देश दिये थे। एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने खुलासा करते हुए बताया कि पुलिस ने मामले में अभय सक्सेना उर्फ चाइना, जितेन्द्र यादव उर्फ जीतू, विकास कुमार उर्फ विकेश यादव, आकाश यादव उर्फ वांडा को डिग्री कालेज के पीछे से गिरफ्तार कर लिया है। विकास उर्फ विकेश के पास से तमंचा और एक जिंदा (शेष पृष्ठ सात पर)




# राज्य आंदोलनकारियों को किया सम्मानित



किच्छा(उद संवाददाता)। राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर तहसील प्रांगण में राज्य निर्माण आंदोलनकारियों का प्रशासन द्वारा भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें तहसील स्तर पर सभी आंदोलनकारी को सम्मान के रूप में शॉल और फूल मालायें पहना कर सम्मानित किया गया। आंदोलनकारियों ने सम्मान समारोह में अपने-अपने वक्तव्य रखते हुए कहा कि उत्तराखंड राज्य की स्थापना पिछड़ेपन को दूर करने के लिए की गई थी किंतु नेतृत्व की कमी के कारण 23 वर्ष बीतने के बाद भी उत्तराखंडी के सपनों का राज्य नहीं बन पाया। आंदोलनकारियों ने कहा कि उत्तराखंड राज्य का निर्माण यहां के लोगों द्वारा दिए गए बलिदान का परिणाम है किंतु गलत नेतृत्व के हाथों में राज्य की बागडोर जाने के कारण इसका समुचित विकास नहीं हो पाया है। उत्तराखंड राज्य आज भी पलायन का दंश झेल रहा है। बेरोजगारी की समस्या खड़ी है कृषि के क्षेत्र में राज्य पिछड़ रहा है। राज्य को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सही नेतृत्व की आवश्यकता है। उप जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र ने सभी आंदोलनकारियों का सम्मान करते हुए कहा कि राज्य की उन्नति ही प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। समारोह का संचालन तहसीलदार गिरीश चंद्र त्रिपाठी द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से क्षेत्र अधिकारी ओम प्रकाश शर्मा, नारायण सिंह बिष्ट, ललित कांडपाल ,मोहन चंद पांडे,कमलेंद्र सेमवाल, हरिश्चंद्र पंत, उप निरीक्षक विनोद फर्त्याल विनोद जोशी, जीवन जोशी, अवतार सिंह, किशन गंगवार, राजू कश्यप, हरिश्चंद्र पंत अशोक पटवारी, सचिन सक्सेना, संतोष सक्सेना, सहित तमाम लोग मौजूद थे।

# धनतेरस और दीपावली पर कानून व्यवस्था को लेकर बुलाई व्यापारियों की बैठक





किच्छा(उद संवाददाता)। त्योहारों पर कानून व्यवस्था को लेकर उपजिलाधिकारी कोस्तुभ मिश्र की अध्यक्षता में नगर के व्यापार मंडल के पदाधिकारियों एवं व्यापारियों की एक आवश्यक बैठक कोतवाली परिसर में आयोजित की गई जिसमें त्योहारों को देखते हुए नगर के मुख्य चौराहे पर और रेलवे स्टेशन तक थ्री व्हीलर और फोर व्हीलर की आवाजाही पर पूर्ण रूप से रोक लगाए जाने का निर्णय लिया गया। तय किया गया कि पटाखे विक्रेता जो कि लाइसेंस धारक हैं वह अपने पंडालों पर अग्निशमन यंत्र की व्यवस्था करेंगे तथा समस्त व्यापारी अपना सामान दुकान की सीमा के अंतर्गत ही व्यवस्थित रूप से रखेंगे। यह भी तय किया गया कि धनतेरस एवं दीपावली त्योहारों में अत्याधिक भीड़ होने के कारण पूर्व की तरह इस वर्ष भी शुक्रवार 10 नवम्बर से रविवार 12 नवम्बर दीपावली दिन तक डी डी चौक से महाराणा प्रताप चौक के बीच सभी टुकटुक,कार एवं बड़े वाहनो की आवाजाही प्रात:10:30 बजे से रात्रि 9 बजे तक बंद रहेगी।किसी भी व्यापारी को टुकटुक की आवश्यकता होने पर ग्राहक के समान को पहुँचाने हेतु,दिए गए पुलिस अधिकारियों के नंबरों पर कॉल कर सकते है,साथ ही किसी भी व्यापारी को कोई दिक्कत आने पर व्यापार मंडल के तीनों पदाधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं।





# 127 बालिकाओं को उच्च शिक्षा हेतु छात्रवृत्ति वितरित

गदरपुर/काशीपुर । टाइटन कन्या प्लस प्रोजेक्ट के तहत आसरा ट्रस्ट द हंस फाउंडेशन द्वारा छात्रवृत्ति समारोह काशीपुर में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि टाइटन से प्रियांक कुमार और मनोज कुमार धीमान, द हंस फाउंडेशन से सोनल विश्नोई, अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से मुकेश और प्रियंश,आसरा ट्रस्ट से अमित बलौंदी और अभिषेक मौर्य,जीजीआईसी काशीपुर से गीता जयसवाल और जीजीआईसी महुआखेड़ा गंज से दीप्ति मधुकर ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम प्रारम्भ किया। दीप प्रज्ज्वलन के बाद निशा प्रजापति,पूजा मेहरा, निकिता शर्मा एवं काजल यादव द्वारा स्वागत गीत की सुंदर प्रस्तुति दी गई।सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए लक्ष्मी नारायण द्विवेदी ने टाइटन कन्या प्लस प्रोजेक्ट और उसके कार्य के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि द हंस फाउंडेशन और टाइटन कंपनी के सहयोग से, आसरा ट्रस्ट उधम सिंह नगर जिले के 4 स्कूलों में 'बालिका शिक्षा कार्यक्रम' के तहत छात्राओं को शैक्षिक गतिविधियों और जीवन कौशल में सहायता प्रदान कर रहा है। 22 नवंबर 2022 से जीजीआईसी काशीपुर, जीजीआईसी महुआखेड़ा गंज, जीजीआईसी गदरपुर और जीजीआईसी दिनेशपुर। टाइटन कन्या परियोजना के तहत छात्राओं के शैक्षिक विकास के लिए जीवन कौशल शिक्षा, कैरियर मार्गदर्शन और सामुदायिक सहभागिता पर मुख्य कार्य किया जा रहा है।इस परियोजना के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2022-23 में 12वीं उत्तीर्ण करने वाली 127 बालिकाओं को उच्च शिक्षा हेतु छात्रवृत्ति/शिक्षा अनुदान प्रदान किया गया है। जिसमें जीजीआईसी काशीपुर से 36 बच्चे,जीजीआईसी महुआखेड़ा गंज से 32 बच्चे,जीजीआईसी गदरपुर से 20 बच्चे और जीजीआईसी दिनेशपुर से 39 बच्चे छात्रवृत्ति के लिए चयनित हुए। आसरा ट्रस्ट के सीईओ अमित बलोदी ने सभी का आभार व्यक्त किया।




# खेल महाकुंभ के समापन पर छात्र-छात्राओं को किया पुरस्कृत

गदरपुर(उद संवाददाता)। खेल स्टेडियम सकैनिया में न्याय पंचायत स्तरीय तीन दिवसीय खेल महाकुंभ का समापन प्रधानाचार्य सुरेश प्रजापति व खेल प्रभारी मनोहर लाल ने सभी खिलाड़ियों को मेडल, प्रमाण पत्र,नगद धनराशि देकर पुरस्कृत किया। उन्होंने सभी प्रतिभागी खिलाड़ी बच्चों को शुभकामनाए देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की ।लेखा कार्य श्रीमती रमा छाबड़ा व पंकज सिंह चौहान एवं प्रशांत कुमार सिंह ने मंच संचालन का कार्य किया ।निर्णायक डी पी सिंह, मिनती रानी,शालिनी आर्य,अशोक कुमार गुप्ता ,सूरज सिंह डसीला, जफरुद्दीन, साक्षी चौधरी, विजय सिंह अमित कुमार ब्रजपाल सिंह, भूपेन्द्र सिंह,आदि शिक्षक व बच्चे उपस्थित रहे।

# किच्छा में एमए और बीकॉम की कक्षाएं शुरू करने की मांग

किच्छा(उद संवाददाता) ।कांग्रेस के जिला सचिव एन यू खान ने किच्छा डिग्री कॉलेज में एम ए और बी कॉम की कक्षाएं शुरू कराए जाने की मांग की है। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता खान का कहना है डिग्री कॉलेज बने कई वर्ष बीत गए हैं और बिल्डिंग में जगह की व्यवस्था भी काफी है। डिग्री कॉलेज के छात्रों को बीए फाइनल करने के बाद एमए बीकॉम की शिक्षा हेतु रुद्रपुर आदि जाना पड़ता है। जबकि डिग्री कॉलेज में बिल्डिंग आदि की व्यवस्था है तो छात्रों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए किच्छा डिग्री कॉलेज में बी काम व एम ए की पढ़ाई की व्यवस्था की जानी चाहिए। इससे क्षेत्र के छात्रों को बड़ी राहत मिलेगी। श्री खान ने शिक्षा मंत्री से आगे की कक्षाएं शुरू किए जाने की मांग की है। श्री खान ने कहा कि वह इस संबंध में शीघ्र ही क्षेत्रीय विधायक तिलक राज बेहड़ से भी मिल कर आगे की कक्षाएं शुरू कर जाने हेतु शिक्षा मंत्री के स्तर से समस्या का निराकरण कर जाने की मांग करेंगे।

# राज्य स्थापना दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। उत्तरखण्ड राज्य स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर आठवें उत्तरखण्ड महोत्सव का आयोजन दो चरणों में रामलीला मैदान शीशमहल में किया गया। प्रथम चरण में स्कूली बच्चों के लोक नृत्य, लोक गायन, शंख बाजाओं, कुमाऊँनी भाषा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका उद्घघाटन ट्रिपल मैनेजमैन्ट एजेन्सी के चेयरमैन जीएस रावत एवं अध्यक्षता वरिष्ठ भाजपा नेता हरीश पाण्डे, विशिष्ट अतिथि पार्षद शीशमहल अंजू जोशी द्वारा की गई। द्वितीय सत्र में सांय रंगारंग कार्यक्रमों का आयेजन किया गया। जिसका उद्घघाटन महापौर नगर निगम डा० जोगेन्द्र सिंह रौतेला एवं अध्यक्षता डॉ. अनिल कपूर डब्बू अध्यक्ष उत्तराखण्ड मण्डी विपणन बोर्ड एवं विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। उसके बाद अतिथियों द्वारा राज्य के शहिदों को श्रद्धांजली दी गयी। इसके उपरान्त अल्मोड़ा, चम्पावत, रामनगर से आये कलाकारों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। प्रसिद्ध लोक गायक जितेन्द्र सिंह तुम्कियाल द्वारा गीत से हाय बिमला रुमझुमा द्वारा समा बाधा गया। लोक गायिका प्रियंका चन्द्र तथा लोक गायक नवीन पाठक द्वारा प्रस्तुती दी गयी। साथ ही कुमाऊँनी दलो द्वारा झोड़ा चांचरी छपेली द्वारा प्रदर्शन करा। इसके उपरान्त महापौर डॉ. रौतेला ने उत्तरखण्ड राज्य के शहीदों को श्रद्धांजली दी और प्रदेश वासियों को राज्य स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि उत्तरखण्ड राज्य विकास की ओर अग्रसर है और तरक्की के नये आयामों को छू रहा है। उत्तराखण्ड राज्य मुख्य मंत्री के कुशल निर्देशनों में सर्वागीण विकास कर रहा है वहीं डॉ. अनिल कपूर डब्बू ने बताया कि उत्तरखण्ड राज्य मुख्य मंत्री के अथक मुख्य मंत्री के अथक प्रयासों से विकास की ओर अग्रसर है। मुख्यमंत्री उत्तरखण्ड राज्य के हितों के लिए कार्य कर रहे है। उत्तरखण्ड राज्य शहीदों के सपनों का राज्य बनने की ओर अग्रणी है। वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट द्वारा शहीदों को श्रद्धांजली दी गयी एवं उत्तरराखण्ड महोत्सव का आयोजन लगातार आठ वर्षो से किया जा रहा है। उत्तरखण्ड राज्य स्थापवना दिवस समिति की अध्यक्ष एवं निर्मला जोशी को बधाई दी और उनके द्वारा जो कार्य किया जा रहा है वह सराहनीय है। इस मौके पर कार्यक्रम आयोजन समिति की अध्यक्ष निर्मला जोशी, गायत्री दुर्गापाल, हर्षित पालीवाल, पुष्पा सम्भल, निशा जोशी, हितेश जोशी, रजनीश जोशी, जीएस रावत, हरीश पाण्डे, अंजू जोशी, विनोद आर्या सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



# इंस्पिरेशन स्कूल में ऐपण व रंगोली प्रतियोगिता आयोजित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। इंस्पिरेशन पब्लिक स्कूल में ऐपण व रंगोली प्रतियोगिता चार सदनों रेड, ब्लू, ग्रीन व येलो के बीच हुई। यह प्रतियोगिता दो वर्गों में बँटी थी जिसमें पहला वर्ग कक्षा 9-10 व दूसरा वर्ग कक्षा 11-12 था। जिसमें कक्षा 9 व 10 के लिए रंगोली प्रतियोगिता थी और उसका विषय उत्तराखंड संस्कृति था। कक्षा 11-12 के लिए ऐपण विषय था जिसमें रेड हाउस ने लक्ष्मी चौकी, ग्रीन हाउस ने गणेश चौकी, ब्लू हाउस ने नव दुर्गा चौकी व येलो हाउस ने शिवार्चन चौकी बनाई। हर हाउस से चार-चार विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। सभी सदनों ने बड़ी सृजनात्मकता से ऐपण तथा रंगोली को बनाया जिसमें स्वच्छता, डिजाइन, डेकोरेशन, मौखिक प्रदर्शन के आधार पर प्रथम, द्वितीय व तृतीय का चयन किया गया। निर्णायक मण्डल में प्रधानाचार्य अनुराग माथुर, उप-प्रधानाचार्या श्रीमती ममता तनेजा व आर्ट शिक्षिकाएं श्रीमती नीरू गोयल व श्रीमती रिचा वर्मा थी। अंत में प्रधानाचार्य जी ने सभी प्रतिभागियों की प्रशंसा करते हुए उन्हें दीपावली की शुभकामनाएँ दीं व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बडे पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# मन्दिर से चुराई प्रतिमाओं सहित चोर गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। लोकेश्वर महादेव शिव मन्दिर देवलातल्ला गौलापार काठगोदाम से प्रतिमाएं, घंटी व अन्य सामान चोरी




करने वाले चोर को काठगोदाम पुलिस टीम ने सामान सहित गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है। जानकारी के अनुसार सुनील सिंह बाबा पुत्र गंगा सिंह पुजारी लोकेश्वर महादेव शिव मन्दिर देवलातल्ला गौलापार थाना काठगोदाम ने 7 नवंबर को थाना काठगोदाम में अज्ञात चोर के खिलाफ लोकेश्वर महादेव शिव मन्दिर देवलातल्ला गौलापार काठगोदाम से लगभग 25 हजार कीमत का सामान जिसमें प्रतिमाएं, घंटी, बर्तन चोरी किए जाने के संबंध में मुकदमा दर्ज कराया गया था। किया गया। मंदिर में हुई चोरी की घटना का तत्काल खुलासा करने एवं आरोपी को गिरफ्तार किए जाने के संबंध में विमल मिश्रा थानाध्यक्ष काठगोदाम के नेतृत्व में थाना स्तर पर टीम गठित की गई टीम द्वारा क्षेत्र में सगन चेकिंग अभियान चलाया गया। चौकिंग के दौरान पुलिस टीम ने मन्दिर में चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसने अपना नाम पता राहुल बिष्ट उर्फ थापा पुत्र वीर बहादुर थापा निवासी कुमाँयू कालौनी दमुवाढुँगा थाना काठगोदाम बताया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक शनि महाराज की मूर्ति, एक हनुमान की पंचमुखी मूर्ति, एक शिवलिंग, 3 मन्दिर की घंटी, एक दीया व दो लोटे तांबे के बरामद हुए। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष काठगोदाम विमल कुमार मिश्रा, अ.उ.नि. हेमन्त प्रसाद, कानि. टीका राम, सुरेन्द्र सिंह शामिल थे।

# पुलिस ने की व्यापारियों के साथ बैठक



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आगामी धनतेरस एवं दीपावली के त्योहार के मद्देनजर कोतवाली में पुलिस अधिकारियों ने व्यापारियों के साथ बैठक कर यातायात व्यवस्था बनाने में सहयोग करने को कहा। अधिकारियों ने कहा कि मुख्य बाजार में किसी का भी चार पहिया वाहन खड़ा मिला तो चालान की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने त्योहार पर व्यापारियों से यातायात व्यवस्था में सहयोग करनेकी अपील कीं। उन्होंने कहा कि पुलिस बाजार में नजर रखे हुए हैं। पुलिस बाजार में ड्रोन से भी नजर रखेगी। इस दौरान एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल, एसपी क्राइम मनीषा जोशी, सीओ सिटी अनुषा बडोला, कोतवाल विक्रम राठौर, बाजार पुलिस चौकी प्रभारी संदीप शर्मा, एसआई विकास कुमार, एसआई मोहन चन्द्र जोशी समेत व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा, मनोज छाबड़ा, राजेश कामरा, सुनील ठुकराल, सुनील झाम, बलविंदर सिंह, पवन गाबा पल्ली, विनोद अनेजा आदि मौजूद थे।

# मारपीट से विवाहिता के गर्भस्थ शिशु की मौत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। दहेज में चार पहिया वाहन न देने पर ससुरालियों द्वारा गर्भवती बहू की पिटाई कर देने से उसके गर्भ में पल रहे शिशु की मौत हो गई। पीड़िता ने ससुरालियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करा दिया है। दर्ज रपट में पीड़िता ने कहा है कि उसका निकाह माता पिता ने अपने हैसियत के अनुसार हसनैन पुत्र सब्बीर हुसैन निवासी शेरगढ़ जिला बरेली से किया था। लेकिन शादी के बाद से ही पति हसनैन, नन्दोई सलीम, ननद तरूनुम, सास साहाना, देवर अनस उसके साथ दहेज को लेकर गाली गलौच व मारपीट कर अत्याचार करते थे और कहते थे कि अपने घर वालो चार पाहिया गाडी लाकर दे। हसनैन से उसके दो बच्चे भी है। पीड़िता का आरोप है कि वहे गर्भवती थी उसकी सास, ननद व पति ने उसके साथ मारपीट की तथा पेट में लाते मारी जिसकी वजह से पेट में पल रहे बच्चे को मार दिया। उक्त लोग पति को भडकाते हैं कि इसको छोड़ दे दूसरी शादी करवा देगें। 16 जुलाई 2023 की सुबह उक्त लोगो ने उसे मारा। अपने भाईयों को फोन करके बुलाया जो उसे लेकर घर ले गये। पुलिस ने रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# त्यौहारो पर शांति व्यवस्था के लिए बुलाई बैठक

गूलरभोज (उद संवाददाता)। पुलिस चौकी गूलरभोज में व्यापारियों की एक बैठक पुलिस प्रशासन की ओर से की गई। जिसमें व्यापारियों को बाजार में शांति बनाए रखना पटाखे को सावधानी से बेचना और व्यापारियों से सुझाव भी मांगे गए। व्यापारियों की तरफ से प्रशासन का पूरा सहयोग देने का वादा किया गया। इस अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष डॉ कुलदीप रघुवंशी, राजकुमार ग्रोवर, जगदीश गुंबर, मोहन



पंवार, आशु रघुवंशी, हरीश छाबड़ा, विजय गुंबर, बनवारी लाल, आनंद पानू, किशोर सावंत, मनोज कुमार, अमित कुमार गुप्ता, रामकिशन आहूजा आदि उपस्थित थे।

# घनिष्ठ कुमार मिस्टर फ्रेशर और पिंकी मंडल मिस फ्रेशर बनी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। क्षेत्र के प्रतिष्ठित संस्थान सिग्मा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस के कॉलेज ऑफ पॉलिटेक्निक तथा कॉलेज ऑफ नर्सिंग रुद्रपुर में खिलखिलाते चेहरे और बेहतरीन भविष्य की कामनाओं के साथ छात्र-छात्राओं ने पूरे हर्षोल्लास के साथ प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं का स्वागत समारोह कार्यक्रम तथा ओरियंटेशन प्रोग्राम मनाया। कॉलेज ऑफ पॉलिटेक्निक एवं कॉलेज ऑफ नर्सिंग में स्वागत समारोह जिसका विषय अभिनन्दन रखा गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के अध्यक्ष राजेश डाबर, प्रबंध निर्देशक सी.ए. शिव अरोरा, उपाध्यक्ष प्रीत ग्रोवर, निर्देशिका डॉ सीमा अरोरा, मैनेजमेंट सदस्य वंश डाबर, शौर्य अरोरा तथा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के प्रधानाचार्य ललित सिंह बिष्ट संस्थान के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट हेड रजत धवन तथा संस्थान के सी.ई.ओ. अनुभव बाठला द्वारा मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया गया। दीप प्रज्वलन के पश्चात छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। इस कार्यक्रम का संचालन छात्र करन तथा छात्रा साक्षी आर्य ने बहुत ही बखूबी के साथ निभाया। उसके उपरांत मिस्टर फ्रेशर तथा मिस फ्रेशर के चुनाव के लिए



प्रथम वर्ष के छात्र- छात्राओं के बीच कार्यक्रमों की प्रस्तुति हुई, जिसमें छात्र-छात्राओं ने नृत्य ,गायन, मिमिक्री, आदि कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी । जिसमें मिस्टर फ्रेशर घनिष्ठ कुमार आर्या, मैकेनिकल प्रोडकेशन इन्जी.विभाग के छात्र तथा मिस फ्रेशर पिंकी मण्डल मैकेनिकल प्रोडक्शन इन्जी छात्रा को दिया गया तथा मिस्टर फ्रेशर अभिषेक बैरागी नर्सिंग विभाग के छात्र तथा मिस फ्रेशर रिया गरिया नर्सिंग विभाग की छात्र को दिया गया। संस्थान की निर्देशिका डॉक्टर सीमा अरोरा ने बताया कि संस्थान में इस प्रोग्राम का उद्देश्य सभी नए छात्र-छात्राओं की भविष्य को एक नया आयाम देना है।कॉलेज ऑफ पॉलिटेक्निक के प्रधानाचार्य ललित सिंह बिष्ट ने सभी छात्र-छात्राओं को ध्यान कराकर अपने माता-पिता, गुरुजनों तथा मित्रगणों को आभार प्रकट करने के लिए कहा। उन्होंने बताया कि एक मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ व्यक्ति ही सफल समाज का निर्माण कर सकता है। संस्थान के प्लेसमेंट हेड रजत धवन ने छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन करते हुए ट्रेनिंग एंड प्लेस मेंट की प्रक्रिया पर प्रकाश डाला, वहीं कॉलेज के सी.ए.ओ. अनुभव बाटला ने बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की तथा सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी। इस पूरे कार्यक्रम को सफलता पूर्वक मनाने के लिए सांस्कृतिक विभाग शिल्पा विश्वकर्मा, गीता आर्य , सीमा सरकार ,नेहा मण्डल, बबीता यादव, मुनीश कुमार, कृष्णशील , नित्यानन्द विश्वास, आई.टी. हेड प्रियरंजन तिवारी तथा संस्थान के सभी शिक्षक और शिक्षिकाओं का पूरा सहयोग रहा एवं इस अवसर पर सभी विभाग के विभागाध्यक्ष और शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# दाना इंडिया में सिक्स सिग्मा के छात्र छात्राओं का औद्योगिक भ्रमण

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। क्षेत्र के प्रतिष्ठित संस्थान सिक्स सिग्मा कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी रुद्रपुर के प्रथम वर्ष के 40 छात्रों ने दाना इंडिया में औद्योगिक भ्रमण किया। भ्रमण का आयोजन रजत धवन (ट्रैनिग एंड प्लेसमेंट हेड) द्वारा किया गया। दाना इंडिया कंपनी विभिन्न प्रकार के ऑटो पार्ट्स का निर्माण करती




है। छात्रों का औद्योगिक भ्रमण कंपनी के एच.आर. हेड रूबी बोहरा द्वारा कराया गया। भ्रमण से सभी छात्र बहुत उत्साहित नजर आये। छात्र-छात्राओं के भ्रमण का सम्पूर्ण कार्यक्रम संस्थान की अध्यापक नित्यानन्द विश्वास के निर्देशन में हुआ । इस कार्यक्रम के सफल आयोजन पर संस्थान के अध्यक्ष राजेश डावर, को-चेयरमैन प्रीत ग्रोवर , प्रबंध निदेशक शिव अरोरा, प्रबंध निदेशिका डॉ. सीमा अरोरा मैनेजमेंट मेंबर वंश डाबर, शौर्य अरोरा, प्रधानाचार्य ललित सिंह बिष्ट, संस्थान के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बधाई दी।

# पटाखा व्यापारियों को दिए सख्त दिशा निर्देश

गदरपुर(उद संवाददाता)।दीपावली त्यौहार के मध्य नजर पुलिस क्षेत्राधिकारी भूपेंद्र भंडारी एवं उप जिलाधिकारी गौरव पांडे की अध्यक्षता में सर्राफा व्यापारी व पटाखा व्यापारियों के लिए सख्त दिशा



निर्देश जारी किए हैं ।वही व्यापार मंडल से व्यापारियों के सड़क किनारे लगाई दुकानों को पीछे कराए जाने पर गहन चर्चा की गई। पुलिस क्षेत्राधिकार भूपेंद्र भंडारी का कहना है धनतेरस के त्यौहार में सराफा बाजार में भरपूर रूप से ग्राहकों की भीड़ भाड़ होती है जिसके लिए सर्राफा व्यापारियों को सतर्क रहने व सीसीटीवी कैमरों को सही तरीके से सही रखने और चलाये रखने के दिशा निर्देश दिए है। वही पटाखा व्यापारियों की दुकानों के बीच तीन मीटर की दूरी बनाये रखने, किसी भी दुर्घटना या आग ना लगे उसके लिए आग बुझाने का सिलिंडर ( फायर एक्सटिंग्विशर )रखने ,बालू रखने व कम से कम 100 लीटर पानी रखने के सख्त निर्देश दिए है। वही उपजिलाधिकारी गौरव पांडेय ने कहा कि प्रशासन द्वारा दिये जा रहे दिशा निर्देशों का पालन करना बहुत जरूरी है क्यों कि प्रशासन आप लोगो के सहयोग के लिए हमेशा तत्पर रहता है।यदि कोई भी पटाखा व्यापारी दिशा निर्देश की अवहेलना करता है तो उस व्यापारी पर प्रशासन से कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।वही अधिशासी अधिकारी संजीव मल्होत्रा ने पालिका प्रशासन की और से व्यापारियों की हर सम्भव मदद का आश्वासन दिया गया है। इस मौके पर सकैनिया चौकी इंचार्ज भपेन्द्र रन्सवाल, गुलरभोज चौकी इंचार्ज राकेश कठायत,महतोष चौकी इंचार्ज ओम प्रकाश ,कस्बा इंचार्ज महेश चंद एल आई यू इंस्पेक्टर रिजवान खान सहित पटाखा व्यापारी उपस्थित रहे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के लिए दिये दिशा निर्देश

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के सफल आयोजन हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक जिला कार्यालय सभागार में ली। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि 15 नवम्बर से जनपद में शुरू होने वाली विकसित भारत संकल्प यात्रा के सफल आयोजन हेतु जिला स्तर से लेकर ग्राम पंचायत स्तर तक नोडल अधिकारी नामित किये जाये तथा कार्यक्रम का ग्राम पंचायतवार रोस्टर जारी करने के निर्देश दिये। उन्होंने ग्रामवार अधिकारियों तथा कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने के भी निर्देश दिये। डीएम ने सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का प्रचार-प्रचार स्थानीय भाषा में कराने के भी निर्देश दिये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य उन कमजोर लोगों तक पहुँचना है जो विभिन्न योजनाओं के पात्र हैं, लेकिन लाभांवित नहीं हुए हैं। सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देना एवं जागरूकता लाना, योजनाओं का लाभ ले चुके व्यक्तियों के अनुभव साझा करने के माध्यम से सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों के साथ संवाद कायम करने के साथ ही यात्रा के



दौरान सुनिश्चित विवरण के माध्यम से संभावित लाभार्थियों का नामांकन करना है। उन्होंने बताया कि जनपद में 15 नवम्बर से शुरू हो रही विकसित भारत संकल्प यात्रा के लिए 9 जागरूकता वाहन उपलब्ध कराये जा रहे हैं जोकि जनपद की 375 ग्राम पंचायतों तथा 18 नगरीय क्षेत्रों में पहुँचकर विभिन्न योजनाओं की जानकारी देंगे। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह, परियोजना निदेशक हिमांशु जोशी, जिला विकास अधिकारी तारा ह्यांकी, उप जिलाधिकारी गौरव पाण्डे, अमृता सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरूद्ध, जिला प्रोबेशन अधिकारी व्यौमा जैन, मुख्य उद्यान अधिकारी भावना जोशी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।


DESTINATION UTTARAKHAND
GLOBAL INVESTORS SUMMIT 2023
December, 2023 Dehradun (Uttarakhand)
Peace To Prosperity
उत्तराखण्ड शासन
G20
आज़ादी का अमृत महोत्सव
संकल्प नये उत्तराखण्ड का
राज्य स्थापना दिवस
9 नवम्बर
की
हार्दिक शुभकामनाएं
माननीय प्रधानमंत्री जी ने 21वीं सदी के तीसरे दशक को उत्तराखण्ड का दशक कहा है। हम प्रधानमंत्री जी के विजन के अनुरूप राज्य को हर क्षेत्र में आदर्श राज्य बनाने के लिये विकल्प रहित संकल्प के साथ काम कर रहे हैं।
पुष्कर सिंह धामी मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड
21वीं सदी के विकसित भारत के निर्माण के दो प्रमुख स्तंभ हैं। पहला, अपनी विरासत पर गर्व और दूसरा, विकास के लिए हर संभव प्रयास। आज उत्तराखण्ड, इन दोनों ही स्तंभों को लगातार मजबूत कर रहा है।
ये दशक उत्तराखण्ड का दशक होगा
नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री

केदारनाथ बदरीनाथ धाम में 1300 करोड़ रुपये के पुनर्निर्माण/पुनर्विकास कार्य, चारधाम यात्रा के दौरान रिकॉर्ड 55 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किये दर्शन।

मानसखण्ड मंदिर माला मिशन।

4000 से अधिक होम-स्टे विकसित, 16 ईको टूरिज्म डेस्टिनेशन का विकास।

मुख्यमंत्री सशक्त बहना उत्सव योजना के तहत महिला समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों को प्रोत्साहन।



पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार द्वारा उत्तराखण्ड को बेस्ट एडवेंचर टूरिज्म डेस्टिनेशन का अवार्ड।



**रेल कनेक्टिविटी :** ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना, वन्दे भारत एक्सप्रेस ट्रेन, टनकपुर बागेश्वर रेल लाईन।



**रोड कनेक्टिविटी :** चारधाम ऑल वेदर रोड, दिल्ली-देहरादून एलिवेटेड रोड व अन्य राष्ट्रीय राजमार्गों का विकास।



**रोप-वे कनेक्टिविटी :** पर्वतमाला परियोजना, गौरीकुण्ड-केदारनाथ रोप-वे कनेक्टिविटी, गोविन्द घाट – हेमकुण्ड, सुरकण्डा देवी रोप-वे।



जमरानी बांध परियोजना को केन्द्रीय कैबिनेट की आर्थिक मामलों की कमेटी ने दी मंजूरी।



ग्लोबल इन्वेस्टर समिट 2023 के लिये अब तक 1.24 लाख करोड़ रुपये से अधिक के एमओयू।



एस.जी.एस.टी. संग्रह में 33 प्रतिशत वृद्धि, राज्य की प्रति व्यक्ति आय में 12 प्रतिशत से अधिक वृद्धि।



राजकीय विद्यालयों के साथ राजकीय सहायता प्राप्त (अशासकीय) विद्यालयों में कक्षा 1 से 12 तक के छात्र-छात्राओं को निशुल्क पाठ्य पुस्तकें।

- देश का सबसे कठोर नकल विरोधी कानून।
- लखपति दीदी योजना के तहत 1.25 लाख महिलाओं को लखपति बनाने का लक्ष्य ।
- पलायन रोकने तथा रिवर्स पलायन को बढ़ावा देने हेतु 'मुख्यमंत्री सीमान्त क्षेत्र विकास योजना'' ।
- मुख्यमंत्री महालक्ष्मी योजना व मुख्यमंत्री आंचल अमृत योजना।
- मिशन दालचीनी, मिशन तिमरु, एरोमा पार्क व एटोमा वैली।
- राज्य में शहीद सैनिकों के परिवारों के एक सदस्य को रोजगार तथा विशिष्ट सेवा मेडल अवार्ड राशि में बढ़ोत्तरी ।
- राज्य की महिलाओं को सरकारी नौकरी में 30 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण।
- दीनदयाल उपाध्याय सहकारिता किसान कल्याण योजना के अन्तर्गत किसानों को 3 लाख और स्वयं सहायता समूहों को रू. 5 लाख तक की धनराशि का ब्याज रहित ऋण ।
- स्टेट मिलेट मिशन में स्थानीय कृषकों से झंगोरा, मंडुवा, सोयाबीन एवं चौलाई का उचित मूल्य पर क्रय ।
- हॉर्टिकल्चर को बढ़ावा देने के लिए 50 हजार पॉलीहाउस का बजट प्रावधान।
- राज्य के युवाओं के लिए 'विदेश रोजगार प्रकोष्ठ' का गठन ।
- समान नागरिक संहिता के लिये प्रभावी पहल।
- अटल आयुष्मान योजना में 5 लाख रुपये तक का निःशुल्क इलाज ।
- राज्य में निर्धन परिवारों को वर्ष में 3 सिलेन्डर निःशुल्क रीफिल की सुविधा ।

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी www.uttarainformation.gov.in uttarakhandDIPR DIPR_UK uttarakhand DIPR

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# जनसंख्या पर नियंत्रण और साक्षरता

जनसंख्या नियंत्रण पर बिहार राज्य के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विधानसभा में दिए गए अपने अशोभनीय तर्कों के लिए माफी मांग ली है, लेकिन उनके मुंह से जो बात निकली, वह किसी भी संवेदनशील व्यक्ति को परेशान करने वाली है। यह इसलिए ज्यादा गंभीर है कि वे किसी अनौपचारिक बैठक में अपनी बात नहीं कह रहे थे, बल्कि विधानसभा में सदन को संबोधित कर रहे थे। हालांकि अगर कोई व्यक्ति संवेदनशील और सचेत है, तो वह किसी भी जगह अपनी बोली को बेलगाम नहीं होने देगा, बल्कि इसे अपने व्यक्तित्व की सहज अभिव्यक्ति में समाहित करेगा। मगर नीतीश कुमार ने इसका ध्यान रखना तब भी जरूरी नहीं समझा,जब वे बाकायदा मुख्यमंत्री के रूप में सदन में बोल रहे थे। गौरतलब है कि मंगलवार को उन्होंने जनसंख्या को नियंत्रित करने के लिए महिलाओं के बीच शिक्षा के महत्त्व पर जोर देते हुए विधानसभा में एक विवरण रखा कि कैसे एक शिक्षित महिला प्रजनन दर कम करने और जनसंख्या नियंत्रण में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यह एक सकारात्मक पक्ष है, जिसकी अपनी अहमियत है। मगर इसके महत्त्व को दर्ज करते हुए उन्होंने जिस भाषा का प्रयोग किया, वह पूरी तरह अवांछित और अनपेक्षित था। इसे एक तरह से मर्यादा को ताक पर रखना कहा जा सकता है। यह बेवजह नहीं है कि सदन में उपस्थित सदस्यों सहित इस बयान को सुनने वाले सभी व्यक्ति को उनकी यह बात बेहद अमर्यादित और अपमानित करने वाली लगी और इसके विरुद्ध आक्रोश उभरा। राष्ट्रीय महिला आयोग ने भी इस पर कड़ी आपत्ति दर्ज की। विपक्षी दलों की ओर से स्वाभाविक ही नीतीश कुमार के बयान को लेकर तीखा विरोध किया गया और माफी की मांग की गई। हालांकि मामले के तूल पकड़ने के बाद नीतीश कुमार ने जिस तरह अपने बयान के लिए माफी मांगी, उससे समझा जा सकता है कि उन्हें अपनी गलती का अहसास है, लेकिन इससे यही जाहिर हुआ है कि किसी जरूरी बात को कहने के लिए अगर भाषा और शब्दों का चुनाव उचित नहीं है, तो वह बात न सिर्फ अपना अर्थ खो दे सकती है, बल्कि अपने संदर्भ के विपरीत नतीजे भी दे सकती है। नीतीश कुमार के बयान को इसी आलोक में देखा जा सकता है। खासतौर पर इसलिए भी कि विधानसभा ऐसी जगह होती है, जहां एक-एक शब्द बोलते हुए कानून से लेकर समाज तक के हर पहलू का ध्यान रखना पड़ता है। ऐसे अनेक मौके आते हैं जब विधानसभा या किसी भी सदन में जब कोई जनप्रतिनिधि बेलगाम या अवांछित भाषा का प्रयोग करता है तो उस पर आपत्ति दर्ज की जाती है, उसे सदन की कार्रवाई से हटा भी दिया जाता है। इसमें कोई दो राय नहीं कि शिक्षा के प्रसार के साथ महिलाओं के बीच जागरूकता बढ़ी है, कई स्तरों पर उनका सशक्तीकरण हुआ है। समाज की गतिविधियों में उनकी भूमिका का विस्तार हुआ है और परिवार के महत्त्वपूर्ण फैसलों में भी उनका दखल बढ़ा है। महिलाओं की काबिलियत और उपलब्धियों को दर्ज किया जाना चाहिए। मगर ऐसा करते हुए अगर अवांछित शब्दों का प्रयोग किया जाता है तो यह एक तरह से महिलाओं को अपमानित करने के तौर पर ही देखा जाएगा। बिहार में नीतीश कुमार को शिक्षा और नौकरियों के क्षेत्र में महिलाओं के लिए विशेष अवसर सृजित करने और भागीदारी का अनुपात बढ़ाने के लिए भी जाना जाता है। आमतौर पर उन्हें एक सौम्य, संतुलित और संवेदनशील व्यक्ति के रूप में ही देखा जाता है और उनसे उनके प्रचारित व्यक्तित्व के अनुरूप ही विचार और व्यवहार की अपेक्षा की जाती है। यह हैरानी की बात है कि महिलाओं के बीच शिक्षा के महत्त्व को दर्ज करते हुए उन्होंने बोली में सलीके का ध्यान रखना जरूरी नहीं समझा।

# विरासत में प्रसिद्ध कव्वाल नियाजी बंधु ने मचाई धूम

देहरादून(उद संवाददाता)।विरासत आर्ट एंड हेरीटेज फेस्टिवल 2023 के 13वें दिन के कार्यक्रम की शुरूआत चित्रकला प्रतियोगिता और ट्रेजर हंट कार्यक्रम से हुई। जिसका संचालन कल्पना शर्मा द्वारा किया गया जहाँ चित्रकला प्रतियोगिता का विषय मेरा शहर मेरी विरासत था, इस दोरान बच्चों के बीच खुशी का माहौल देखा गया। कार्यक्रम मे केन्द्रीय विद्यालय ओएनजीसी, दून प्रेसीडेंसी स्कूल प्रेमनगर ,हिल फाउंडेशन स्कूल ,सन वैली स्कूल ,सेंट ज्यूड्स स्कूल ,दून इंटरनेशनल स्कूल, एसजीआरआर पब्लिक स्कूल बालावाला ,दून सरला अकादमी , टच वुड स्कूल ,व्हिजकिड इंटरनेशनल सीनियर सेकंडरी स्कूल ,आसरा ट्रस्ट, फिलफोट पब्लिक स्कूल, लतिका फाउंडेशन, कोषाध्यक्ष शिकार, हिल फाउंडेशन स्कूल, दून इंटरनेशनल स्कूल, एसजीआरआर पब्लिक स्कूल बालावाला, व्हिजकिड इंटरनेशनल सीनियर सेकंडरी स्कूल से कुल मिलाकर 400 बच्चों ने जोरों शोरो से भाग लिया और कार्यक्रम की समाप्ति के







साथ सभी प्रतिभागियों को इनाम एवं प्रमाण पत्र दिया गया।सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ राजीव कुमार सिंह, एजी (ए एंड ई), देहरादून एवं रीच विरासत के महासचिव श्री आर.के.सिंह एवं अन्य सदस्यों ने दीप प्रज्वलन के साथ किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की पहली प्रस्तुति में शिंजिनी कुलकर्णी द्वारा कथक नृत्य प्रस्तुत किया गया। शिंजनी कुलकर्णी जी का प्रदर्शन शिव वंदना से शुरू हुआ फिर पारम्परिक शुद्ध नृत्य 3 ताल और 4 ताल और दादरा के साथ जो उनके घराने की पारंपरिक रचना है जो उनके परदादा पंडित बिंगारी महाराज द्वारा लिखी गई है। उनके साथ शुभ महाराज तबला पर, गायन में जोहेब हसीन, सितार वादन विशाल मिश्रा, बांसुरी वादन समीर खाना का रहा और पढ़ंत में सिया वर्मा ने सहयोग किया।सांस्कृतिक कार्यक्रम की दुसरी प्रस्तुति में ब्रजेश्वर मुखर्जी द्वारा हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत प्रस्तुत किया गया... जहां उन्होंने राग भूपाली से अपना प्रदर्शन शुरू किया फिर राग कामोद सुनाया और फिर दो ठुमरी जो याद पिया की ऐ, का करूं सजनी पिया ना आये के साथ अपना प्रदर्शन समाप्त करेंगे। ब्रजेश्वर मुखर्जी के साथ पंडित धर्मनाथ झा जी तबले पर, पंडित धर्मनाथ मिश्रा जी हारमोनियम पर और नितिन शर्मा और सलोनी रावत तानपुरे पर सगत दी। सांस्कृतिक कार्यक्रम की तीसरी प्रस्तुति में नियाजी बंधु द्वारा कव्वाली प्रस्तुत किया गया, उन्होंने अमीर खुसरो द्वारा लिखित क्वाल प्रस्तुत करके प्रदर्शन शुरू किया, उसके बाद कृपा करो महाराज, सांसों की माला, छाप तिलक, इश्क में तेरे कोहे गम, और फिर आज रंग ह रीमा के साथ प्रदर्शन की सम्पति की। उनके के संगत मे माजिद नियाजी, मुकरम नियाजी और हामिद नियाजी थे जो कोर्स और मुख्य कोर्स में थे, बोसिन जी कीबोर्ड पर, वासिफ जी ढोलक पर और विजय जी तबले पर थे ।

# खेल महाकुंभ में दूसरे दिन बालिकाओं ने दिखाया दम

नानकमत्ता (उद संवाददाता)। दो दिवसीय न्याय पंचायत स्तरीय खेल महाकुंभ के बालिका वर्ग के दूसरे दिन प्रतियोगिताओं का शुभारंभ संयोजक नृपेन्द्र कुमार चौहान प्रधानाचार्य राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिडौरी व संकुल प्रभारी जसौद मेहता द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक नेता के एन अटवाल एवं सूरज सक्सेना जी द्वारा किया गया। संकुल प्रभारी जसौद मेहता ने सभी प्रतिभागी बालिकाओं को खेल भावना के साथ खेलते हुए प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया। संयोजक निरपेंद्र कुमार चौहान ने अपने संबोधन में खेल के महत्व के बारे में बताया । दिनेश चौहान अध्यक्ष उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ शाखा सितारगंज ने सभी प्रतिभागी बच्चों को शुभकामनाएं दी। शिक्षक नेता खिलानंद अटवाल ने सभी प्रतिभागी बालिकाओं कोअपने संबोधन में बताया कि बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु खेल महत्वपूर्ण है जिससे बच्चे का शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है। सूरज सक्सैना पूर्व अध्यक्ष उच्च प्राथमिक शिक्षक संघ शाखा सितारगंज ने बच्चों को उत्तराखंड स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए बालिकाओं की खेल के प्रति रुचि की प्रशंसा व सराहना की । बलिका वर्ग के अंडर -14 एवं अंडर 17 के अंतर्गत 60 मीटर, 600 मीटर ,100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर , 800 मीटर ,1500 मीटर, 3000 मी की दौड़, लंबी कूद ,ऊंची कूद गोला फेंक,चक्का फेंक, कबड्डी आदि प्रतियोगिता संपन्न हुई । न्याय पंचायत स्तर पर प्रत्येक इवेंट्स में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले को 300 रुपये, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले को 200, तथा तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को 150रूपए नगद पुरस्कार , मेडल व योग्यता प्रमाण पत्र द्वारा सम्मानित किया गया। अंडर-14 में 60 मीटर की दौड़ में प्रथम कल्पना जोशी, द्वितीय स्थान मानवी राणा ,तृतीय स्थान अनुष्का ,100मीटर में प्रथम स्थान स्नेहा , द्वितीय स्थान दीपाली ,तृतीय स्थान रितिका राना ,1500मीटर दौड़ मे प्रथम स्थान खुशी चंद, द्वीतीय स्थान अंशिका राना, तृतीय स्थान सुमनदीप कौर द्वारा प्राप्त किया गया। संकुल प्रभारी जसौद मेहता ले लेखा समिति के प्रमुख निमाई चंद्र माझी व उनकी टीम तथा मेजबान विद्यालय के प्रधानाध्यापक कुंवर सिंह राणा, फील्ड निर्माण में पूर्ण सहयोग हेतु वीरेंद्र सिंह,रामरूप सिंह, फकीर सिंह, जितेंद्र सिंह राणा एवम सभी निर्णायक शिक्षकों व शिक्षिकाओँ का आभार व्यक्त किया। प्रतियोगिता को संपन्न कराने के लिए राध `सिंह, सुमंगल मंडल, त्रिलोक चंद, फकीर सिंह, जितेन्द्र सिंह,लीला रौतेला, नीलम रानी, तृप्ति पंत, सुरेश प्रसाद, रेनू उपाध्याय,रेनू, शिव सिंह बिष्ट, योगेश पांडे आदि शिक्षक उपस्थित रहे।



# सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मना राज्य स्थापना दिवस

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।गंगापुर मार्ग स्थित विजडम पब्लिक स्कूल में राज्य स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक, धार्मिक कार्यक्मों का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रबन्धक गोपाल सिंह पटवाल, को मंत्रमुग्ध किया। उतराखण्ड राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर विद्यालय के बच्चों राज्य का इतिहास जिलो के माध्यम से बताया जिसमे मुख्य जिलों को प्रतीक चिन्ह तथा चार धाम विशेष रूप से सराहनीय रहा। बच्चों द्वारा के पाठ को देखकर उपस्थित जनसमूह ने तालियां बजाकर बच्चों का उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की शिक्षिकाओं में श्रीमती अंजति रावत, आकृति, प्रोमिष्ठा ने संयुक्त रूप से किया। रामलीला में



सहप्रबन्धक रोशन अरोरा, सचिव श्रीमती सुधा पटवाल, अतिथि भारत लाल साह, एवं सत्यप्रकाश चौहान, विद्यालय प्रधानाचार्य प्रदीप सिंह रौतेला तथा श्रीमती उषा मिश्रा ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का दीप जलाकर शुभारम्भ किया। सर्वप्रथम विद्यालय के नन्हें मुन्ने बच्चों द्वारा फैशन शो के माध्यम से उपस्थित अभिभावकों तथा अतिथियों विज्ञान प्रदर्शनी, जलकी खुद्धता, सड़क सुरक्षा, खेल पिरामिड, विभिन्न भोजन स्टॉल पहाडीव्यंजन, आदि के स्टॉल मुख्य रूप से प्रदेशनी में लगे थे। अन्त में कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण आदर्श रामलीला मंचन रहा। रामलीला का मंचन मुख्य निर्देशिका श्रीमती निधि पाण्डेय के निर्देशन में शुरू हुआ। आदर्श रामलीला मंचन में श्रीराम, सीता, रावण महानिदेशिका के रूप में श्रीमती गीता अधिकारी, प्रेमलता सिंह तथा सूझी मिश्रा ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्री सुन्दरम शर्मा थाना प्रभारी ट्रांजिट कैम्प, सरोजनी रावत, नरेन्द्ररावत श्रीमती देवली देवी, सुधांशु, परवल, दीपक पाण्डेय, महेन्द्र कुमार, आयुष दत्ता (रावण) मोहित कुंवर (दशरथ) देवमण्डल, टीना दास आदि अभिभावक उपस्थित थे।




# नानकमत्ता महाविद्यालय में मनाया राज्य स्थापना दिवस

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। श्री गुरुनानक देव स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नानकमत्ता साहिब के तत्वावधान में राज्य स्थापना दिवस बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें महाविद्यालय के एनएसएस स्वयंसेवी व अध्ययनरत छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। महाविद्यालय प्रबंधक डॉ मनेन्दर सिंह गुलाटी ने छात्र-छात्राओं को राज्य स्थापना दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए राज्य निर्माण में शहीद आन्दोलनकारियों को नमन किया तथा कहा कि हमारे राज्य आंदोलनकारियों के संघर्ष के परिणामस्वरूप ही उत्तराखंड राज्य बना। राज्य आंदोलनकारियों के सपनों के अनुरूप प्रदेश के विकास के लिए राज्य अग्रसर हैं। तथा मंच संचालन करते हुए समाजशास्त्र के सहायक प्राध्यापक कवींद्र सिंह बोरा ने भी छात्र-छात्राओं को उत्तराखंड के बारे में ऐतिहासिक जानकारी प्रदान की द्य इसके साथ ही एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. इंदु बाला ने कहा कि राज्य के विकास के



लिए हम सभी को संकल्प लेना होगा। कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं से विशेष रूप से अपील करते हुए अपने भविष्य को सुनहरा बनाने के लिए एक लक्ष्य तय करने को कहा। इसके साथ ही महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने महाविद्यालय में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया, जिसमें सभी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया तथा शिवांगी, चरनजीत, कमला, नंदनी आदि विद्यार्थियों ने भाषण तथा अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया तथा साथ ही अंत में सफाई कार्यक्रम भी चलाया गया। इस मौके पर अमृतपाल कौर, डॉ गोपाल सिंह, शोभा बोरा, पंकज सिंह बोहरा, ज्योति, मनोज कुमार, अफ्शा खान, हरविंदर सिंह, वर्षा सक्सेना, कामिनी राना, आरती राना, रोशन कुमार, नीमा गोस्वामी, प्रिया थापा, रश्मि सारथी, रेनू थापा, डॉ किरन, पूनम राना, दुर्गानाथ, देव राम समेत छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

# खेल महाकुंभ में तीसरे दिन भी हुई प्रतियोगिताएं

गूलरभोज(उद संवाददाता)। न्याय पंचायत स्तरीय खेल महाकुंभ गुरुकुल एकेडमी गूलरभोज में तीसरे दिन प्रतियोगिताओं का शुभारम्भ एएन के इंटर कॉलेज प्रधानाचार्य निर्विकार मौर्य द्वारा किया गया। इस अवसर पर खेल प्रभारी कुंदन लाल



कौशिक, गगन कौर, प्रधानाचार्य जगदीश सिंह, होशियार सिंह,अमित चौहान, धर्म सिंह, संजय कुशवाहा, शंभू प्रसाद जोशी, कुंदन लाल कौशिक, राजेश शर्मा, परमजीत सिंह, देव सिंह,उमेश चंद जोशी, बृजेश दुबे आदि उपस्थित थे।

# पुलिस ने चलाया कबाड़ियों का सत्यापन अभियान

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।आगामी दीपावली पर्व के सुरक्षा के दृष्टिगत मुखानी थाना पुलिस ने आरटीओ क्षेत्र में कबाड़ियों का सत्यापन अभियान चलाया। जिसमें अनियमितता पाए जाने पर दो कबाड़ियों के कोर्ट चालान किए गए। जानकारी के अनुसार एसएसपी के निर्देश पर थानाध्यक्ष मुखानी प्रमोद पाठक के नेतृत्व में उनि. संजीत राठौड़ चौकी प्रभारी आरटीओ ने पुलिस टीम के साथ आरटीओ क्षेत्र में सत्यापन अभियान चलाया। इस दौरान 2 कबाड़ियों के द्वारा सत्यापन न कराए जाने पर उनके



विरुद्ध 83 पुलिस अधिनियम के अंतर्गत 10- 10 हजार रुपए के कोर्ट चालान किए गए। इस दौरान कारोबारियों को बिना सत्यापन कार्य करने पर सख्त हिदायत दी गई।

# न्याय के लिए भटक रहे बुजुर्ग दम्पत्ति

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। कोलानाईजर से खरीदे गये भूखण्ड के स्थान पर कम मूल्य का भूखण्ड देने, अतिरिक्त रूपये वापस न करने तथा किये वायदे को पूरा न करने पर न्याय की मांग को लेकर एक बुजुर्ग दम्पत्ति पिछले कई माह से अधिकारियों की चौखट पर चक्कर काट रहे हैं। लेकिन उनकी कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है। इससे निराश होकर उन्होंने शासन प्रशासन से पत्राचार कर न्याय की गुहार लगाई है। ग्राम दानपुर निवासी मूल निवासी ग्राम मोतियावासर, जिला अल्मोड़ा चम्पा देवी पत्नी इन्द्र सिंह मेर ने कहा है कि उसके पति आईवीआरआई बरेली से सेवानिवृत हुए हैं। पति की कमाई से बुढ़ापे में रहने के लिए ग्राम दानपुर में 6.27 लाख रूपये में एक भूखण्ड 2.8.2018 को खरीदा था। जिसमें 5.27 लाख रूपये बयाना दिए। उन्हें बताया गया था कि कालोनी की चाहरदीवारी बनेगी, पक्की सड़क व नालियां बनेंगी, बिजली के लिए निजी ट्रांसफार्मर लगाया जायेगा, मेन गेट पर गार्ड रहेगा। लेकिन अभी तक कोई पूरे नहीं कराये गये हैं। पूर्व में विक्रेता ने खरीदे भूखण्ड की रजिस्ट्री कराने से मना कर बयाना राशि हड़पने का प्रयास किया। पंचायत के बाद दूसरी जगह कम मूल्य का भूखण्ड दे दिया। चम्पा देवी का कहना है कि मजबूरी में भवन बनाकर रहना पड़ रहा है। जहां न तो सड़क है न ही सफाई। गेट व चौकीदार न होने से घर असुरक्षित रहता है। घर के पास ही कच्ची शराब भी बनाई जाती है। भूखण्ड विक्रेता ने मकान के पास पेड़ पौधे लगा दिये हैं। जिस कारण उन्हें भविष्य में खतरा है। मांगने विक्रेता अधिक लिए रूपये वापस नहीं कर रहा है। पत्र में मामले में कार्रवाई करने की मांग की गई है।

# दहेज लोभी ससुरालियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विवाह पश्चात जेवर, बाईक व दो लाख की और दहेज मांग कर विवाहिता का उत्पीड़न करने वाले दहेज लोभी ससुरालियों के विरूद्ध पीड़िता ने मुकदमा दर्ज करा दिया है। दर्ज रपट में पीड़िता ने कहा है कि उसका विवाह विगत 5 माह पूर्व धर्मपाल पुत्र बालाटर निवासी प्रीत विहार, फाजलपुर महरौला, रूद्रपुर के साथ हुआ था। परिजनों ने सामर्थ्य के अनुसार दहेज में 2 लाख का सामान दिया। उसके कुछ दिनों बाद से ही मेरे पति धर्मपाल, सास शान्ति, ससुर बालकटर, ननद कंचन, ममता व कलमेश उसको दहेज के लिए प्रताड़ित कर बेरहमी से मार-पीट व अत्याचार करते रहते थे। पति दहेज में सोने की अंगूठी, मोटरसाईकिल, 2 लाख रूपये नगद आदि की मांग कर रहे हैं। मायके वालों की आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं है कि ससुराल पक्ष की मांगे पूरी कर सके। उसने पति को समझाने का प्रयास किया लेकिन उनके बर्ताव में कोई परिवर्तन नहीं आया विगत 3 माह से वह मायके में अपनी माता के साथ निवास कर रही है। पति धमकी देते हैं कि यदि सोने की अंगूठी, मोटरसाईकिल एवं 2 लाख रूपये दहेज नहीं दिया तो तुम्हें छोड़ दूंगा। ससुराल पक्ष के लोग उसके साथ कोई भी घटना कर सकते है, जिसकी संम्पूर्ण जिम्मेदारी उसके पति व ससुराल पक्ष की होगी।

# एमबीबीएस में फर्जी प्रवेश मामले में 13 लोग दोष मुक्त

काशीपुर/हल्द्वानी(उद संवाददाता)। मेडिकल कालेज हल्द्वानी में फर्जी तरीके से एमबीबीएस में प्रवेश मामले में 13 लोग दोषमुक्त न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय हल्द्वानी विशाल गोयल कोर्ट ने 2011 में मेडिकल में प्रवेश के लिए आयोजित यूपीएमटी परिक्षा में पकड़े गए 13 आरोपितों को संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त करार दिया है। मामले में राजकीय मेडिकल कालेज हलद्वानी के तत्कालीन प्राचार्य एनएस ज्याला की ओर से धोखाधड़ी का मुकदमा दिनांक 14.09.2011 मुकदमा अन्तर्गत धारा 420,467, आई० पी० सी०, अपराध सं0- 292/2011 दर्ज कराया गया था। परिक्षा 12 जून 2011 को हुई थी। राजकुमार सिंह निवासी हरिद्वार, हिमांशु धारीवाल निवासी रूड़की, पंकज कुमार निवासी काशीपुर, जमशेद अली निवासी लक्सर, मो. कासिम खान निवासी नैनीताल फैजान मालिक निवासी सितारगंज, सौरभ गर्गनिवासी लक्सर, आकाश शुक्ला निवासी देहरादून, दीपक चौधरी निवासी मथुरा (उत्तर प्रदेश), हेम चंद्र निवासी कपकोट बागेश्वर, मनोज सिंह निवासी रीठा साहिब चंपावत, नितिन पंवार निवासी उत्तरकाशी व विकास कुमार निवासी आरोपित थे। मुकदमें की पैरवी संजीव कुमार आकाश द्वारा की गई।

# दो पक्षों में मारपीट मामले की रपट दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत दिनों ट्रांजिट कैम्प में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट के मामले में एक पक्ष द्वारा रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में खुशबू सिह पत्नी विनय सिह चन्देल निवासी वार्ड 3 मेन मार्केट शानिदेव मन्दिर के पास ट्रांजिट कैम्प उसके पति विनय सिंह मां दुर्गा मोबाइल रिपेयरिंग एवं ग्राहक सेवा केन्द्र बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा से सम्बंध पिछले लगभग 10 वर्ष से कार्य करते हैं। पति के साथ ही अंकित एव हिमांशु मिश्रा पुत्रगण प्रताप भानु मिश्रा पति के साथ दुकान में कार्य करते थे। बाद में अंकित मिश्रा व हिमाशुं मिश्रा अपना अलग अलग कार्य करने लगे । पति का कार्य अच्छा चलने की बजह से ये दोनो भाई रंजिश रखने लगे। दोनों पति को धमकी देने लगे दुकान बंद कर यहां से भाग जा तेरे बजह से हमारा काम ठीक नही चल रहा है । खुशबू का कहना है 4 नवम्बर की रात्रि पति क्षेत्र से रिटेलर से बैक का लगभग 60 हजार रुपये लेकर स्कूटी से घर आ रहे थे। मार्ग में घात लगाकर बैठे अंकित मिश्रा , हिमांशु मिश्रा एवं भानु प्रताप मिश्रा स्वंय एवं अन्य 2 व्यक्ति निवासी वार्ड 03 ने उन्हें जान से मारने की नियत से हमला कर दिया। जिससे गम्भीर रूप से घायल हो गये। सूचना पर जब वह मौके पर पहुंची तो अंकित की माता रश्मि ने उसके साथ मारपीट शुरु कर दी। लोगों के आ जाने से उक्त लोग जान से मार देने की धमकी देते भाग गये। पुलिस ने रपट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# नेताजी बोस की प्रतिमा का किया अनावरण

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। नगर के मुख्य सुभाष चौक पर पूर्व मुख्यमंत्री विजय बहुगुणा एवं कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की



प्रतिमा का अनावरण किया। इस दौरान जनसभा को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री विजय बहुगुणा ने सितारगंज को नई पहचान दी। पूर्व मुख्यमंत्री विजय बहुगुणा ने कहा कि 2012 से पूर्व सितारगंज विधानसभा क्षेत्र, विकास के मामले में 67 नंबर पर था। वर्तमान समय में अन्य विधानसभा क्षेत्र यहां के विकास मॉडल को कॉपी कर रहे हैं। इससे पूर्व प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारिओ व सदस्यो ने ढोल नगाड़ो के साथ जोरदार स्वागत कर फूल माला पहनाया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा की पत्नी सुमेधा बहुगुणा, भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील विश्वास, ऊधमसिंह नगर जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष योगेंद्र रावत, भाजपा मंडल अध्यक्ष विष्णु प्रमाणिक, कार्तिक राय, संजय बाछाड़, मयंक अग्रवाल, किशोर राय, राजेंद्र डसीला, जगदीश डालमिया, गोपाल सरकार, देबू मंडल, पंकज बासु, गोविंद पोखरिया, रविंद्र विश्वास, रविंद्र विश्वास, मनोज सरकार, तारक मंडल, रविंद्र अग्रवाल,विक्की मंडल, शुभम गर्ग,राजकुमार शाह, जगदीश डालमिया, कृपासिंधु हीरा, विधान दास, नारायण सरदार, कृष्णपद मंडल,अजीत शाह, ओम प्रकाश कालरा,नरेश साना,विधान मंडल, राजेश रस्तोगी,देवाशीष पोद्दार, दिनेश दास, पवित्र वाबली,अशोक मंडल, सुवीर सरकार,परेश मंडल,विजय वागला आदि लोग मौजूद रहे।

# धार्मिक सवाल जवाब प्रतियोगिता कल

गदरपुर (उद संवाददाता)। मीरी पीरी नौजवान क्लब नवाबगंज जिला रामपुर उत्तराखंड द्वारा 'कौन बनेगा गुरु का प्यारा' प्रतियोगिता का आयोजन करके बच्चों को विभिन्न श्रेणियां में प्रतियोगिता में शामिल होकर पुरस्कार जीतने का अवसर प्रदान किया गया है। कार्यक्रम आयोजकों ने बताया कि पहली श्रेणी उम्र 8 से 15 वर्ष को 10000 ,दूसरी श्रेणी उम्र 15 से 30 25000 ,दस्तार मुकाबले युवकों हेतु उम्र 15 से 25 साल 7100 रुपए, 6100, 5100, 4100 ,3100 और दुमाला मुकाबला लड़कियों हेतु उम्र 15 से 25 वर्ष पुरस्कार 5100 ,4100 और 3100 रुपए नगद धनराशि के रूप में प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने बताया प्रतियोगिता में शामिल होने वाले प्रतिभागियों को 10 नवंबर दिन शुक्रवार प्रातः 8 बजे मीरी पीरी नौजवान क्लब द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में गुरुद्वारा श्री गुरु हरगोबिंदसर नवाबगंज जिला रामपुर ,उत्तराखंड में पहुंचना अति आवश्यक है। गुरुद्वारा श्री गुरु हरगोबिंद सर नवाबगंज के प्रमुख सेवादार बाबा अनूप सिंह ने बताया कि गुरुद्वारा साहिब में 11 नवंबर से 13 नवंबर तक बंदी छोड़ दिवस दीपावली समागम मनाया जा रहा है जिसमें ढाढ़ी जत्था भाई लखबीर सिंह कोमल अमृतसर, कविशर लखबीर सिंह मस्त अमृतसर, कविशर सतनाम सिंह शौकी सिख मिशन हापुड़ ,कवि करमजीत सिंह नूर जालंधर, कवि बलबीर सिंह कमल होशियारपुर, कवि कुलवंत सिंह रफीक शाहाबाद, कवित्री सरबजीत कौर अलखदेवा,उत्तराखंड प्रतिभाग करेंगे उन्होंने बताया कि 11, 12 और 13 नवंबर दिन शनिवार रविवार और सोमवार को प्रातः 10बजे से सायं काल 3बजे तक भारी दीवान सजाए जाएंगे वहीं 11 नवंबर को कवि दरबार का आयोजन रात्रि 7बजे से 10बजे तक किया जाएगा उन्होंने बताया अमृत संचार 13 नवंबर दिन सोमवार प्रात 10 बजे होगा तीनों दिन गुरु का लंगर अटूट बांटा जाएगा ।

## पेज एक का शेष...

**उत्तराखंड ने कम समय में...** उद्घोष से गुंजायमान रहता है। हेमकुंड साहिब और नानक-मत्ता से निकले गुरबानी के स्वर यहां के वातावरण को पावन बनाते हैं।राष्ट्रपति ने कहा पिछले वर्ष दिसंबर के महीने में मुझे उत्तराखंड की यात्रा करने का सुअवसर मिला था। उत्तराखंड में आने का प्रत्येक अवसर तीर्थ-यात्रा का पुण्य प्राप्त करने की तरह होता है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उत्तराखंड की अलग पहचान और स्थापना के लिए संघर्ष करने वाली स्वर्गीय सुशीला बलूनी को याद किया। कहा कि इस राज्य के सभी निवासी तो उन्हें याद रखेंगे ही, नारी में संघर्ष की शक्ति के उदाहरण के रूप में उन्हें सभी देशवासी सदैव स्मरण करेंगे। कहा कि सुशीला बलूनी का अदम्य साहस यहां की महिलाओं की गौरवशाली परंपरा के अनुरूप था। बिशनी देवी शाह ने स्वाधीनता संग्राम के दौरान अपने असाधारण साहस का परिचय दिया था।इस मौके पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि पीएम मोदी की प्रेरणा से मैं और मेरी सरकार उत्तराखंड को देश का सबसे समृद्ध राज्य बनाने के लिए हर मोर्चे पर प्रयास कर रहे हैं। हम विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं, लोगों के प्रति जवाबदेह हैं। वहीं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर शहीद स्थल कचहरी परिसर देहरादून में उत्तराखण्ड राज्य आन्दोलनकारी शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य आंदोलनकारियों के कठिन परिश्रम, प्रयासों, दृढ़ इच्छाशक्ति, संकल्प से ही उत्तराखण्ड राज्य का निर्माण हुआ। उन्होंने कहा राज्य सरकार शहीद आंदोलनकारियों के सपनों के अनुरूप उत्तराखंड के विकास हेतु प्रतिबद्ध है।

**नानक सागर में...**सितारगंज के ग्राम पिण्डारी निवासी रोहित सिंह राणा पुत्र संजीत सिंह राणा को रखा है। वाटर स्पोर्ट के स्थान पर एक टिकट केबिन बनाया गया है। जिसमें सुरक्षा निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए। बुधवार की रात्रि केबिन में तीनों कर्मचारी सो रहे थे। रात्रि 1बजे कुछ हथियार बंद लोग वहां आ धमके जिनके द्वारा धार धार हथियारों से केबिन व सीसीटीवी कैमरा और वहां पास में खड़ी मोटरसाइकिल संख्या यूके 06 एएल 1299 को क्षतिग्रस्त कर दिया। कर्मचारियों को बंधक बनाकर उनके साथ जमकर मारपीट कर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दे रहे थे। हमलावरों ने तीनों कर्मचारी को बुरी तरह से घायल कर दिया। पानी में खड़ी तीन मोटर वोट को तेल छिड़ककर आग लगा दी। मोटर वोट पर लगे इंजन गायब पाए गए हैं। दो जली हुई मोटर बोट नानक सागर जलाशय के बीचों-बीच पाई गई। हथियारबंद लोगों ने धारदार हथियारों से तीनों कर्मचारियों के साथ जमकर मारपीट की आदित्य सिंह राणा के बाल झुलस गए जिसने पानी में कूद कर अपनी जान बचाई। विनीत और रोहित के गुम चोटें आई हैं। हथियारबंद लोग तमंचे दिखाकर कर्मचारियों के मोबाइल भी लूटकर ले गये हैं। कर्मचारियों ने भाग कर अपनी जान बचाई। हथियार बंद लोगों ने हवाई फायरिंग भी की। हथियार बंद जाते-जाते केबिन का कैमरा और डीवीआर भी ले गए। पीड़ित की शिकायत पर थाना अध्यक्ष देवेंद्र गौरव अपनी पुलिस टीम के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। घटना की सूचना क्षेत्र में आग की तरह फैल गई। नानक सागर जलाशय में वॉटर स्पोर्ट्स में देखने वालों की भीड़ एकत्रित हो गई। भाजपा के पूर्व विधायक डॉ प्रेम सिंह राणा, पूर्व ब्लाक प्रमुख गुरजीत सिंह, समाजसेवी राजन चौहान, जगजीत सिंह, पीयूष गुप्ता, उमेश अग्रवाल, घटनास्थल पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली।

**रिलायंस के ज्वैलरी...**बंद कर दिया। सभी को हाथ प्लास्टिक की रस्सी से बांध दिया। बदमाश यहां से करोड़ों रुपए के हीरे और सोने के जेवरात लूट कर ले गए। हर तरफ सुरक्षा को मुंह चिढ़ाते हुए बदमाश आसानी से निकल गए। पूरा शहर राष्ट्रपति के दौरे के मद्देनजर हाई अलर्ट पर था। बावजूद इसके बदमाशों ने सारी सुरक्षा व्यवस्था को धता बताते हुए घटना को अंजाम दिया। मौके पर तमाम ज्वैलर्स और सराफा मंडल के पदाधिकारी भी मौके पर पहुंचे हैं।

**सरेआम दो युवकों ...**कारतूस और एक खाली खोखा बरामद किया गया है। जबकि अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। गिरफ्तार करने वाली टीम में कोतवाल विक्रम राठौर, एसएसआई कमाल हसन, एसएसआई अर्जुन गिरी गोस्वामी, चौकी प्रभारी रम्पुरा केसी आर्य,एसआई जय प्रकाश चन्द्र, अमित जोशी, महेंद्र कुमार आदि पुलिस कर्मी शामिल रहे।

**भाजपाईयों ने ...**में राजकुमार यादव, कविता यादव, राज दीपिका मधुर, सुधा शर्मा, उषा शर्मा, मंजू यादव, रेखा सक्सेना, नीरज ,अभिषेक गोयल शामिल रहे।

**उत्तराखंड की हवा में...**149, शिवाजी नगर 80, काशीपुर 125, हरिद्वार 128, रूड़की में 114, हल्द्वानी 115 तथा नैनीताल 54 रहा। मार्च में देहरादून के क्लॉक टावर पर 210, आई.एस.बी.टी 202, दून यूनिवर्सिटी 73 तथा रायपुर का 206, ऋषिकेश में नटराज होटल पर मापा गया 142, नगर निगम पर 137, एस.पी.एस. हास्पिटल पर 143, शिवाजी नगर 48, काशीपुर 123, हरिद्वार 132, रूड़की 108, रूद्रपुर 127, हल्द्वानी 115, नैनीताल 57 रहा। अप्रैल में देहरादून के क्लॉक टावर पर 199, आई.एस.बी.टी 206, दून यूनिवर्सिटी 79 तथा रायपुर का 181, ऋषिकेश में नटराज होटल पर मापा गया 159, नगर निगम पर 144, एस.पी.एस. हास्पिटल पर 151, शिवाजी नगर 53, काशीपुर 121, हरिद्वार 111, रूड़की 118, रूद्रपुर 122, हल्द्वानी 117, नैनीताल का पी.एम.10 लेविल 53 रहा। मई में देहरादून के क्लॉक टावर पर 196, आई.एस.बी.टी 199, दून यूनिवर्सिटी 77 तथा रायपुर का 179, ऋषिकेश में नटराज होटल पर मापा गया 173, नगर निगम पर 159, एस.पी.एस. हास्पिटल पर 162, शिवाजी नगर 52, काशीपुर 115, हरिद्वार 137, रूड़की 121, रूद्रपुर 121, हल्द्वानी 118 तथा नैनीताल 64 रहा। जून के उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार देहरादून के दून यूनिवर्सिटी पर मापा गया पी.एम 10 का लेविल 57, ऋषिकेश में नटराज होटल पर मापा गया 172, नगर निगम पर 161, एस.पी.एस. हास्पिटल पर 167, शिवाजी नगर 46, काशीपुर 109, हरिद्वार 131,रूड़की में 118, रूद्रपुर 117 हल्द्वानी 111 रहा। श्री नदीम को उपलब्ध वर्ष 2022 के अधिक प्रदूषण वाले माने जाने वाले माहो अक्टुबर, नवम्बर, दिसम्बर के विवरण के अनुसार अक्टूबर में देहरादून के क्लॉक टावर पर 131, आई.एस.बी.टी 137,नवम्बर में देहरादून के क्लॉक टावर पर 146, आई.एस.बी.टी 150 रायपुर रोड 128, तथा दिसम्बर में देहरादून के क्लॉक टावर पर 170, आई.एस.बी.टी 173 रायपुर रोड 158 रहा, जबकि ऋषिकेश में नटराज होटल पर मापा गया अक्टूबर, नवम्बर, दिसम्बर का पी.एम. 10 लेविल क्रमशः 135, 132 तथा 134, नगर निगम पर 141, 125 तथा 126, , एस.पी.एस. हास्पिटल पर 124, 126 तथा 123, हरिद्वार (ऋषिकुल) का 133, 135, 140, काशीपुर (राजकीय अस्पताल) 122, 122, तथा 116, रूद्रपुर (सरकारी अस्पताल) 122, 124, 120 तथा हल्द्वानी (जल संस्थान) अक्टुबर 123, नवम्बर 113, दिसम्बर 113 रहा। रूड़की का आर.एस.पी.एम. लेविल अक्टूबर में 150, नवम्बर में 116 तथा दिसम्बर में 125 रहा। जबकि नैनीताल का क्रमशः 61, 52 तथा 56 रहा तथा अल्मोड़ा का सामान्य 33, 34 तथा 36 रहा, जबकि बागेश्वर का 32, 32 तथा 35 रहा है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)







# ऑक्सफोर्ड अकादमी के सिल्वर जुबली कार्यक्रम में बच्चों का धमाल







रूद्रपुर (उद संवाददाता)। द ऑक्सफोर्ड अकादमी में 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रजत जयन्ती के अवसर पर आयोजित वार्षिकोत्सव मधुरम अत्यंत भव्य व निराले अंदाज में प्रस्तुत किया गया। मंच पर छात्र छात्राओं ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। मेडिसिटी हॉस्पिटल रुद्रपुर की कार्डियोलोजिस्ट डा. रश्मि जेवियर मुख्य अतिथि व यूपीएससी के कार्यकारिणी सदस्य रामजी मौर्य एवं वनवासी कन्या आश्रम के क्षेत्रीय मंत्री डालचंद विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विद्यालय के चेयर मैन वैभव बत्रा ने समस्त मुख्य अतिथियों का स्वागत गुलदस्ता व स्मृति चिह्न भेंट करते हुये किया। कार्यकम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा सरस्वती माँ की पूजा अर्चना व दीप प्रज्जवलन से हुआ। जिसके बाद अतिथियों के सम्मान में स्वागत गीत व स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया गया। भारतीय संस्कृतिक संगम पर आधारित राजस्थानी, कुमाऊँनी, गुजराती नृत्य प्रस्तुति ने समा ही बाँध दिया। नन्हें ऑक्फोर्डियन की समस्त प्रस्तुति दर्शकों द्वारा विशेष रूप से सराही गई।विद्यालय के प्रधानाचार्य केए नेगी द्वारा सभी अतिथियों व अभिभावकों का अभिनंदन किया गया तथा विगत 25 वर्षों में विद्यालय की प्रगति एवं उपलब्धियों का ब्यौरा प्रस्तुत किया। विद्यालय की सहयोगी संस्था सीडी बत्रा फाउन्डेशन




स्कूल रूदपुर व केडीपीएस के छात्रों ने अपनी आकर्षक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण केरल प्रदेश की प्रमुख यह आत्मरक्षा से संबंधित कला कलारीपटटू का शानदार प्रदर्शन किया साथ ही कराटे व पिरमिड की शानदार प्रस्तुति रही।वार्षिकोत्सव का मुख्य आकर्षण नारी सशक्तिकरण पर आधारित महिषासुर मर्दिनी व रामभक्त हनुमान पर केंद्रित कार्यक्रम हनुमान चरित रहे। इसके अतिरिक्त अंग्रेजी नाटक वे टू पेराडाईज व हिन्दी नाटक जामुन का पेड दर्शको द्वारा विशेष रूप से सराहे गये। भारत के उत्तरपूर्वी राज्यों के बिहू नृत्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। ऑक्सफोर्ड हमारा स्कूल सॉग ने भी दर्शकों को उत्साह से भर दिया। वहीं फलाईट टू स्पेस नाटिका द्वारा छोटे नौनिहालों ने बताया कि सभी ग्रहों में पृथ्वी ही श्रेष्ठ है स्लो एण्ड स्टडी शो बांस के प्रतिभागियों में दर्शकों की खूब तालियाँ बटोरी।भारतीय नृत्य की परंपरा को जीवत रखने वाली फ्यूजन नृत्य प्रस्तुति से दर्शक आत्मविभोर हो गये। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने विद्यालय द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रमों की प्रशंसा करते हुये विद्यार्थियों को जीवन में अनुशासन एवं मेहनत करते हुये आगे बढ़ने के लिये प्रेरित किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। हरे-भरे पंजाब राज्य के नृत्य, भागंडा, ने दर्शकों को अति उत्साह से भर दिया। एक के बाद एक गीत- संगीत के इस मधुरम कार्यक्रम की प्रस्तुति ने दर्शकों को सम्मोहित कर लिया, रजत जयन्ती, के मधुरम की बेला को अविस्मरणीय बना दिया । इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य रोहिताश बत्रा, विकास बत्रा, वैभव बत्रा, अमित जिन्दल, सुरेन्द्र मिडढा, एवं मितिका बत्रा, पूजा बत्रा, प्रीती पपनेजा, स्नेह मिडढा, जेके बाम्बा, व समस्त अभिभावकगण व पूर्व विद्यार्थी उपस्थित थे। सभी अतिथियों द्वारा कार्यक्रम की अत्यंत सराहना की व विद्यार्थियों के भावी जीवन के लिये उन्हें शुभाशीष प्रदान किया।

